# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांकः परीक्षा/ 3835
दिनांकः 07.04.2021

## विज्ञप्ति

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 की बैक पेपर परीक्षा–2020 एवं कोविड–19 के कारण मुख्य परीक्षा–2020 से छूटे हुये केवल अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थियों की विशेष परीक्षाये मार्च–2021 मे सम्पन्न करायी जा चुकी हैं।

अर्ह न होने के बाद भी बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु अन्तिम वर्ष के कतिपय छात्र/छात्राओं ने मुख्य परीक्षा–2021 के साथ बैक परीक्षा फार्म भर दिये हैं। जबकि अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्राओ के बैक पेपर परीक्षा फार्म हेतु कोई भी विज्ञप्ति/आदेश विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध नहीं कराये गये थे क्योंकि विश्वविद्यालय द्वारा केवल अन्तिम वर्ष की मुख्य परीक्षा–2020 की बैक पेपर परीक्षा–2020 एवं कोविड–19 के कारण मुख्य परीक्षा–2020 से छूटे हुये केवल अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थियों की विशेष परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा मार्च–2021 में सम्पन्न करायी जा चुकी हैं।

अन्तिम वर्ष के ऐसे छात्र/छात्रा जो मुख्य परीक्षा–2020 की परीक्षा में उत्तीर्ण हैं, उनके परीक्षा फार्म निरस्त करते हुये परीक्षा शुल्क वापस किये जायेगा तथा जो छात्र/छात्रायें मुख्य परीक्षा–2020 में अनुत्तीर्ण हैं उनके परीक्षा फार्मो को अन्तिम वर्ष के भूतपूर्व छात्र अथवा मुख्य परीक्षा–2021 के परीक्षा फार्मों में परिवर्तित कर परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि विषय कोड–008 एवं 010 की बैक पेपर परीक्षा में विश्वविद्यालय नियमानुसार अन्तिम वर्ष तक ही अनुमति है। परन्तु कतिपय छात्र/छात्राओं ने अन्तिम वर्ष पूर्ण करने के उपरान्त भी केवल विषय कोड–008 एवं 010 का बैक पेपर परीक्षा फार्म मुख्य परीक्षा–2021 के साथ भर दिया है। ऐसे छात्र/छात्रा केवल विषय कोड–008 एवं 010 का परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं हैं। अतः इनके परीक्षा फार्म प्रथम वर्ष अथवा द्वितीय वर्ष (विषय कोड–008 हेतु प्रथम वर्ष, विषय कोड–010 हेतु द्वितीय वर्ष) की सम्पूर्ण परीक्षा दिये जाने हेतु परिवर्तित कर दिये गये हैं।

ऐसे छात्र/छात्राओं जिन्होंने केवल विषय कोड–008 एवं 010 दोनों विषय कोडों के परीक्षा फार्म मुख्य परीक्षा–2021 के साथ भर दिये हैं, वह द्वितीय वर्ष की सम्पूर्ण परीक्षा के साथ विषय कोड–008 की परीक्षा में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)
07/04/21

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त प्रकार के परीक्षा फार्म यथावत जांच कर विश्वविद्यालय को दिनांक 09.04.2021 (अपरान्ह 01:00 बजे) तक प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उपर्युक्त रूप से परिवर्तन कर छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी करेंगे।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)